विद्या सर्वार्थ साधिका

आनंदालय

वार्षिक परीक्षा

कक्षा: आठवीं

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 05-03-2024 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1) प्रश्न पत्र में दो खण्ड हैं, 'अ' और 'ब' |
2) खंड **'अ'** में कुल 7 बहुविकल्पीय प्रश्न (40 उप प्रश्नों सहित) हैं ।
3) खंड 'ब' में 7 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आतंरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।
4) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
5) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नोत्तर क्रमश: लिखिए ।
6) वस्तुपरक प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।

## खंड- 'अ' वस्तुपरक-प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

वर्तमान युग में मूल्यों का विघटन चारों तरफ़ दिखाई दे रहा है। भौतिकता की अंधी दौड़ में लोग बेतहाशा धनोपार्जन की ओर दौड़ रहे हैं। लोग स्वार्थ में इतने अंधे हो चुके हैं कि नीति-अनीति, अच्छा-बुरा का अंतर करना छोड़कर अपने हित के कार्यों में लगे हैं । अपनी स्वार्थपूर्ति में दूसरों का अथवा समाज का कितना अहित हो रहा है, इसकी चिंता किसी को नहीं है । आज अधिकांश अभिभावकों के पास इतना समय ही नहीं रह गया है कि वे अपनी संतानों को सही वात्सल्य दे सकें। माता-पिता की इस भाग-दौड़ एवं धनोपार्जन के तौर-तरीकों का असर बच्चों पर गहरे रूप में पड़ रहा है । बच्चा अपने एकाकीपन की भरपाई करने के लिए या तो घर में बैठकर मोबाइल फ़ोन अथवा दूरदर्शन पर आने वाले विविध फूहड़ चैनलों के कार्यक्रम देखता है या दोस्तों के साथ यत्र-तत्र घूमता रहता है । ऐसी स्थिति में छात्र मानव जीवन के किन मूल्यों को सीख पाएगा, यह कहना बड़ा ही कठिन है । ऐसी दशा में जीवन-मूल्यों की रक्षा का संपूर्ण दायित्व शिक्षकों के ऊपर ही आ जाता है।

(i) 'भौतिकता की अंधी दौड़' से क्या अभिप्राय है -

(क) किसी पर अंधविश्वास करना

(ख) उचित-अनुचित का विचार किए बिना सुख-सुविधाएँ जुटाना

(ग) वैज्ञानिक साधनों का अधिकाधिक प्रयोग करना

(घ) बिना सोचे समझे धन कमाना

(ii) आजकल अभिभावकों का अपनी संतान के साथ कैसा संबंध है ?

(क) मित्रतापूर्ण (ख) भावपूर्ण (ग) वात्सल्य रहित (घ) आदेशात्मक

(iii) वर्तमान युग के छात्रों के जीवन में अभाव है-

(क) बुद्धि का (ख) अध्ययनशीलता का

(ग) सुख-सुविधाओं का (घ) जीवन-मूल्यों का

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) वर्तमान युग में मूल्यों का विघटन चारों तरफ़ दिखाई दे रहा है।

कारण(R) अभिभावक अपने बच्चों को भौतिक सुख-सुविधाएँ देकर अपना वात्सल्य दिखाने लगे हैं|

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता

(v) निम्नलिखित में से किस वाक्य में गद्यांश की सीख निहित है -

(क) बच्चों को अच्छे विद्यालयों में पढ़ाना चाहिए।

(ख) जीवन मूल्यों में हो रहे विघटन को रोकने के लिए परिवार, समाज तथा शिक्षक सबको प्रयास करना चाहिए।

(ग) बच्चों की परवरिश की ज़िम्मेदारी बुज़ुर्गों पर होनी चाहिए।

(घ) मनुष्यों को केवल अपने हित के बारे में सोचना चाहिए।

2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

सुख-दुख में मुस्काना धीरज से रहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मैं वीर नारी हूँ साहस की बेटी,
मातृभूमि-रक्षा को ,वीर सजा देती।
आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मातृ-भूमि जन्म-भूमि राष्ट्र-भूमि मेरी,
कोटि-कोटि वीर पूत, द्वार-द्वार दे री।
जीवन-भर मुस्काए भारत का अँगना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

(i) सुख-दुख में मुस्कुराते हुए कैसे रहना चाहिए ?

(क) धीरज से (ख) धीर से (ग) शीर से (घ) वीरता से

(ii) आकुल अंतर की पीड़ा किसके लिए सहनी चाहिए ?

(क) राष्ट्र (ख) समाज (ग) जाति (घ) धर्म

(iii) मातृभूमि जन्मभूमि .......... मेरी। खाली स्थान में उपयुक्त शब्द भरिए -

(क) देवभूमि (ख) गाँव भूमि (ग) शहर भूमि (घ) राष्ट्रभूमि

(iv) भारत का अँगना कब तक मुस्कुराए ?

(क) जीवन भर (ख) उम्र भर (ग) मुट्ठी भर (घ) पल भर

(v) माता के लिए पर्यायवाची छाँटिए -

(क) जननी (ख) दादी (ग) नानी (घ) बुआ

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (8X1=8)

(i) उचित स्थान पर लगे अनुस्वार वाले शब्द को चुनिए -

(क) पंरतु (ख) कंचन (ग) मदिंर (घ) आंनद

(ii) उचित स्थान पर लगे अनुनासिक वाले शब्द को चुनिए -

(क) आसूँ (ख) पँहुच (ग) ऊँचाई (घ) उगँली

(iii) अनेकार्थी शब्द 'विधि' का इनमें से एक अर्थ नहीं है-

(क) ब्रह्मा (ख) कानून (ग) भाग्य (घ) तरीका

(iv) 'जनता में चली आ रही सुनी-सुनाई बात' - वाक्यांश के लिए एक शब्द है -

(क) दूरदर्शी (ख) किंवदंती (ग) गोपनीय (घ) दर्शनीय

(v) किस शब्द में 'पर' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है -

(क) परोपकार (ख) परसर्ग (ग) पराभव (घ) परवर्ती

(vi) 'रोज़ाना' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है -

(क ) रोज़ (ख) जाना (ग) आना (घ) ना

(vii) लोकसभा चुनाव मई महीने में होंगे |' वाक्य में कारक है -

(क) अधिकरण (ख) कर्म (ग) संप्रदान (घ) अपादान

(viii) 'विद्यार्थी परीक्षा लिख रहे हैं |' कर्म के आधार पर क्रिया का भेद है -

(क) सकर्मक क्रिया (ख) अकर्मक क्रिया (ग) द्विकर्मक (घ) कोई नहीं

4. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (8X1=8)

(i) 'भारतरत्न ' में कौन-सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(ii) निम्नलिखित में से बहुव्रीहि समास का उदाहरण है -

(क) पाप-पुण्य (ख) प्रतिदिन (ग) गिरिधर (घ) दोपहर

(iii) 'अति + आचार' की संधि है -

(क) अतिचार (ख) अतिआचार (ग) अत्याचार (घ) अत्युपचार

(iv) 'शुभेच्छा' में कौन-सी संधि हुई है ; भेद बताइए -

(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) वृद्धि संधि (घ) यण संधि

(v) दिन-रात मेहनत करने वाले अवश्य सफल होते हैं | रेखांकित वाक्यांश में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

(क) योजक चिह्न (ख) अल्पविराम (ग) अर्धविराम (घ) उद्धरण चिह्न

(vi) चोरी पकड़े जाने पर वह इधर-उधर देखने लगा |' - रेखांकित क्रियाविशेषण का भेद है -

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक (ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक

(vii) 'सुरुचि सुवास सरस अनुरागा।' - काव्य पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का भेद है -

(क) पुनरुक्ति (ख) अनुप्रास (ग) यमक (घ) मानवीकरण

(viii) मुहावरे और अर्थ के अनुचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -

(क) रोंगटे खड़े होना - भयभीत होना (ख) नाक रगड़ना - मेहनत करना

(ग) ठगा-सा रह जाना - हैरान रह जाना (घ) छाती पर मूँग दलना - जानबूझ कर दुःख देना

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए - (5X1=5)

ऐसे बेहाल बिवाइन सों, पग कंटक जाल लगे पुनि जोए।
हाय! महादुख पायो सखा, तुम आए इतै न कितै दिन खोए।
देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिकै करुनानिधि रोए।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।

(i) सुदामा की दुर्दशा देखकर दुखी कृष्ण जी ने क्या कहा ?

(क) सुदामा तुमने घर पर आराम कर लिया होता

(ख) तुमने दुखों में अपना समय काट दिया पर तुम इधर क्यों नहीं आए

(ग) किसी से खबर भेज कर सहायता माँग ली होती

(घ) तुम्हें मेहनत से अपना काम करना था

(ii) कृष्ण जी ने सुदामा के पैर कैसे धोए ?

(क) गर्म पानी से (ख) साबुन और पानी से

(ग) रगड़-रगड़कर (घ) अपने आँसुओं से

(iii) काव्यांश में 'करुनानिधि' से आशय है -

(क) सुदामा (ख) श्री कृष्ण (ग) द्वारपाल (घ) ईश्वर

(iv) 'करुना करिकै करुनानिधि रोए।' - काव्य पंक्ति में कौन सा अलंकार है-

(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) पुनरुक्ति (घ) श्लेष

(v) प्रस्तुत काव्यांश के कवि का क्या नाम है ?

(क) दिनकर (ख) सूरदास (ग) कबीरदास (घ) नरोत्तम दास

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

मुझे याद है कि अरबों वर्ष पहले मैं हद्रजन और ओषजन की रासायनिक क्रिया के कारण उत्पन्न हुई हूँ। उन्होंने आपस में मिलकर अपना प्रत्यक्ष अस्तित्व गँवा दिया है और मुझे उत्पन्न किया है। मैं उन दिनों भाप के रूप में पृथ्वी के चारों ओर घूमती फिरती थी। उसके बाद न जाने क्या हुआ ? जब मुझे होश आया तो मैंने अपने को ठोस बर्फ के रूप में पाया। मेरा शरीर पहले भाप-रूप में था वह अब अत्यंत छोटा हो गया था। वह पहले से कोई सतरहवाँ भाग रह गया था । मैंने देखा मेरे चारों ओर मेरे असंख्य साथी बर्फ बने पड़े थे। जहाँ तक दृष्टि जाती थी बर्फ के अतिरिक्त कुछ दिखाई न पड़ता था। जिस समय हमारे ऊपर सूर्य की किरणें पड़ती थीं तो सौंदर्य बिखर पड़ता था।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) पानी की कहानी (ख) जहाँ पहिया है (ग) क्या निराश हुआ जाए (घ) कामचोर

(ii) बूँद कैसे उत्पन्न हुई ?

(क) बर्फ के पिघलने से (ख) वाष्प के जमने से

(ग) हद्रजन और ओषजन की रासायनिक क्रिया से (घ) हद्रजन और ओषजन के अलग होने से।

(iii) बूँद प्रारंभिक अवस्था में किस रूप में थी ?

(क) वाष्प के रूप में (ख) तरल रूप में

(ग) बर्फ के रूप में (घ) सागर के रूप में।

(iv) बूँद ने अपने साथियों को किस रूप में पाया ?

(क) वायु में उड़ते हुए (ख) पानी में तैरते हुए

(ग) पहाड़ पर बर्फ रूप में (घ) पेड़ों पर झूमते हुए

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) बूँद का भार पहले से कोई सतरहवाँ भाग रह गया था ।

कारण (R) बूँद अपनी प्रारंभिक अवस्था भाप से ठोस रूप में बदल गई |

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (4X1=4)

(i) अंग्रेज के पड़ोसी गतवर्ष हिंदुस्तान आए थे वे यहाँ से क्या लेकर गए थे ?

(क) टीपू सुलतान की ऐतिहासिक तलवार (ख) ताजमहल का काँच से बना नमूना

(ग) जहाँगीरी अंडा (घ) गांधी जी की लकड़ी से बनी खड़ाऊँ।

(ii) न्यूटन कौन था ?

(क) लोटे को बनाने वाला (ख) उल्का की खोज करने वाला

(ग) गुरुत्वाकर्षण की खोज करने वाला (घ) शक्ति की खोज करने वाला।

(iii) श्री कृष्ण किस समय माखन चुराने गोपियों के घर गए ?

(क) प्रातः काल (ख) दोपहर (ग) रात के समय (घ) शाम के वक्त

(iv) 'सुख-दुख के घूँटों को हम एक भाव से पिए चले' का आशय निम्नलिखित में से क्या है ?

(क) वे सुख-दुख को मिलाकर पी जाते हैं

(ख) वे सुख में बहुत खुश तथा दुख में बहुत दुखी होते हैं

(ग) वे सुख-दुख अपने पास आने ही नहीं देते

(घ) वे सुख-दुख को एक समान भाव से ग्रहण करते हैं।

खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) कंपनी के हिस्सेदार को क्या सचमुच में क्रांतिकारी आंदोलन का नेता होना चाहिए या उन पर व्यंग्य किया गया है ? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के लेखक के अनुसार जीवन में किस प्रकार खुश रहा जा सकता है ?

(iii) महिलाओं को चारदीवारी में कैद रखनेवाले और उन पर टिप्पणियाँ करनेवाले समाज को पुडुकोट्टई की महिलाओं ने क्या संदेश दिया है ?

(iv) साँप जिंदा रहकर भी वह काम न कर सका जो बाज मरकर कर गया। बाज मरकर भी क्या संदेश छोड़ गया ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) 'दीवानों की हस्ती' कविता के आधार पर दीवानों की विशेषताएँ लिखिए।

(ii) आज विश्व में कहीं भी संवाद भेजने और पाने का एक बड़ा साधन इंटरनेट है । पक्षी और बादल की चिट्ठियों की तुलना इंटरनेट से करते हुए अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(iii) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

(iv) गोपी द्वारा की गई शिकायत को अपने शब्दों में लिखिए ।

10 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (1x5=5)

(क) **पॉलीथिन बैग की समस्या**

- मानव पॉलीथिन बैग के प्रयोग का आदि
- इनका प्रयोग पर्यावरण के लिए खतरा
- इनके प्रयोग पर प्रतिबंध की आवश्यकता
- सुझाव (कैसे रोका जाए) / उपसंहार

(ख) **नर हो, न निराश करो मन को**

- मानव : सर्वश्रेष्ठ प्राणी
- जीवन - काँटों भरी राह
- इतिहास से उदाहरण
- संघर्ष में ही सफलता / निष्कर्ष

(ग) **भारत में खेलों का भविष्य**

- खेलों की चिंताजनक स्थिति
- कारण-प्रोत्साहन, धन और योजना का अभाव
- समाधान-रुचि जगाना व साधन उपलब्ध कराना
- उपसंहार

11 (क) अपने क्षेत्र में बढ़ती अपराधवृत्ति तथा चोरियों की घटनाओं के बारे में क्षेत्र के थाना अध्यक्ष को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए । (1x5=5)

**अथवा**

(ख) गर्मियों की छुट्टियों में आपके सहपाठियों का एक दल भ्रमण के लिए मसूरी जा रहे हैं | अपने मित्रों के साथ इस भ्रमण पर जाने की अनुमति माँगते हुए अपने पिताजी को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

12 (क) 12वें अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन प्रगति मैदान में किया जा रहा है। अपने स्कूल के विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय की साहित्य परिषद के अध्यक्ष होने के नाते लगभग 70-80 शब्दों में सूचना लिखिए । (1x5=5)

**अथवा**

(ख) विद्यालय पत्रिका के लिए रचनाएँ आमंत्रित करते हुए लगभग 70-80 शब्दों में सूचना लिखिए |

13 (क) "पर्यावरण विभाग" की ओर से "जल संरक्षण" का आग्रह करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । (1x3=3)

अथवा

(ख) "आयुर्वेदिक केश तेल" के गुणों का बखान करते हुए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए ?

14 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को व्यक्त करते हुए लगभग 70-80 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए । (1x4=4)

